कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर

फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक / 4666 / न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2022 रायपुर, दिनांक 21 / 09 / 2022

"आम सूचना (मोर मकान–मोर आस)"

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक **"मोर मकान–मोर आस"** अतंर्गत् **काठाडीह रोड मठपुरैना में निर्मित 174 नग आवासीय इकाईयों** का विक्रय आवासहीन / किरायेदारों (स्लम / गैर स्लम में निवासरत्) को किये जाने हेतु इस कार्यालय द्वारा दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन क्र. 01 / 2022, दिनांक 18 / 05 / 2022 जारी कर आवेदन आमंत्रित की गयी।

उक्त आवासों को क्रय किये जाने हेतु **1405 आवेदकों** ने ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया। उक्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत सूचना पत्र क्र. 4357, दिनांक 05 / 07 / 2022 जारी कर दावा आपत्ति (ऑनलाईन एवं ऑफलाईन) आमंत्रित की गयी। निर्धारित तिथि में प्राप्त दस्तावेजों के परीक्षण तथा आवेदकों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर प्रदाय किये जाने के उपरांत **"परीक्षण समिति"** द्वारा **480 आवेदकों को पात्र एवं 925 आवेदकों को अपात्र** किये जाने की अनुशंसा तथा अनुमोदन किया गया।

इस क्रम में **पात्र आवेदकों की सूची सर्व–संबंधितों के अवलोकन हेतु जारी (ऑनलाईन एवं ऑफलाईन) की जाती है।** कृपया संबंधित आवेदक निगम मुख्यालय के कक्ष क्र. 402 स्थित सूचना पटल अथवा नगर निगम की वेबसाईट (nagarnigamraipur.nic.in) में "मोर मकान–मोर आस आवेदन" शीर्षक में प्रवेश (क्लिक) कर पात्र आवेदकों की सूची का अवलोकन कर सकते है।

उपरोक्तानुसार **पात्र 480 आवेदकों में से प्रथम 174 आवेदकों के नामजद चयन हेतु दिनांक 28 / 09 / 2022 को निगम मुख्यालय के चतुर्थ तल स्थित सामान्य सभा हॉल में प्रातः 11:30 बजे लॉटरी की जावेगी।** कृपया सभी पात्र आवेदक निर्धारित तिथि एवं समय पर उक्त लॉटरी में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

संलग्न :– 480 आवेदकों की सूची।

नोडल अधिकारी
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम, रायपुर